U.S. Small Business Administration

# कम्युनिटी नेविगेटर पायलट प्रोग्राम

## अक्सर पूछे जाने वाले सवाल | 10/28/21

बाइडेन-हैरिस प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि देश के छोटे व्यवसायों को संघीय राहत कार्यक्रमों तक पहुंच के लिए आवश्यक सहायता मिले, जो COVID-19 महामारी के कारण आर्थिक मंदी में उनकी मदद कर सकते हैं। यह तकनीकी सहायता बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि बीते एक वर्ष में छोटे व्यवसायों पर बहुत बुरा असर पड़ा है, जिसमें कम से कम 400,000 व्यवसाय प्रभावित हुए हैं। बीते वर्ष आर्थिक राहत के पिछले चक्र से लाखों छोटे व्यवसायों को प्रचालन जारी रखने और कर्मचारियों को पेरोल पर रखने में मदद मिली, बहुत से अल्पसंख्यों के स्वामित्व वाले व्यवसायों और माता-पिताओं ने खुद को ऐसी स्थिति में पाया जहां से आगे बढ़ना मुश्किल था, जबकि बड़े, अच्छी तरह से जुड़े व्यवसायों ने कार्यक्रमों को लाभ तुरंत उठा लिया। इन छोटे व्यवसायों तक बेहतर पहुंच के लिए, कम्युनिटी नेविगेटर पायलट प्रोग्राम शुरू किया है जो उनके समुदायों में गहरे पैठे संगठनों के साथ साझेदारी करके उन व्यवसायों तक पहुंच को मजबूत करेगा जिन्हें कम सुविधा प्राप्त है।

### 1. **SBA** का समुदाय नेविगेटर प्रोग्राम क्या है?

यह कार्यक्रम 2021 के अमेरिकी बचाव योजना अधिनियम द्वारा स्थापित किया था यह छोटे व्यवसायों की मदद के लिए समुदाय नेविगेटर रुख का उपयोग करेगा। इसका फ़ोकस ऐसे व्यवसायों पर होगा जो वेटरन, महिलाओं और सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित व्यक्तियों के हैं - जिसमें ग्रामीण और शहरी समुदाय शामिल हैं। कार्यक्रम में "स्पोक" संगठनों के नेटवर्क के केंद्र में एक लीड "हब" शामिल है जो आर्थिक रूप से उबरने के दौरान छोटे व्यवसायों के साथ काम करने के लिए सामुदायिक समर्थकों को तैनात करता है। रिकवरी सेवाओं में वित्तीय सहायता, पूंजीगत सहायता की उपलब्धता, अनुबंध और खरीद सहायता, मार्केटिंग, प्रचालन, बिज़नेस डेवलपमेंट, आयात और निर्यात और उद्योग विशिष्ट प्रशिक्षण के साथ ही स्थिर होने और विस्तार करने में व्यवसायों की मदद के लिए तकनीकी सहायता के अन्य क्षेत्र शामिल हो सकते हैं।

### 2. हब और स्पोक मॉडल कहां से आए हैं?

हब और स्पोक मॉडल कम्युनिटी नेविगेटर मॉडल का हिस्सा है - जिसका मतलब है सामुदायिक संगठन, सामुदायिक वित्तीय संस्थान जैसा कि लघु व्यवसाय अधिनियम (15 U.S.C.636(a)(36)(A) की धारा 7(a)(36) (A) में निर्धारित किया गया है या अन्य निजी गैरलाभकारी संगठन जो कम्युनिटी नेविगेटर सेवाओं के अमलीकरण में संलग्न है - जैसे आउटरीच, शिक्षा और कम्युनिटी नेविगेटर द्वारा प्रदान की जाने वाली तकनीकी सहायता जो पात्रता रखने वाले व्यवसायों को लक्षित करके SBA के कार्यक्रमों के बारे में जागरूता और उनमें भागीदारी बढ़ाती है।

- हब और स्पोक मॉडल का लक्ष्य विश्वसनीय सामुदायिक संगठनों के का नेटवर्क तैयार करता है जो लघु व्यवसायों तक सीधी पहुंच का लाभ उठाकर उनकी वृद्धि के सभी चरणों में संसाधनों तक पहुंचने में उनकी मदद कर सकते हैं।
- हब - प्रमुख संगठन और अनुदानग्राही जो अनुदान प्रबंधन और स्पोक के नेटवर्क को संगठित करता है।
- स्पोक- जमीनी संगठन जो छोटे व्यवसायों से संपर्क करता है और जहां वे हैं वहां उनसे मिलता है।

**3.** नेविगेटर किसे सेवाएं देंगे?

जबकि सभी छोटे व्यवसाय पात्र हैं, CNPP के नोटिस ऑफ फंडिंग ऑपर्च्युनिटी ने विशेष रूप से निम्नलिखित कम सुविधा प्राप्त और/या कम प्रतिनिधित्व वाले सेगमेंट को स्वीकार किया है:

- सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े छोटे व्यवसाय
- अलास्का के निवासी और मूल निवासी
- एशियाई अमेरिकी
- अश्वेत और अफ्रीक़ी अमरीकी
- हिस्पैनिक और लैटिन
- मध्य पूर्व के निवासी
- मूल अमेरिकी
- मूल हवाई के और पैसिफिक आइलैंडर
- उत्तरी अफ्रीकी
- जनजातीय समुदाय
- ग्रामीण उद्यमी
- अक्षमता वाले उद्यमी
- LGBTQ उद्यमी
- पूर्व सैनिक और सैन्य उद्यमी (उनके जीवनसाथी सहित)
- महिला उद्यमी
- नवोन्मेषी स्टार्टअप

- सूक्ष्म व्यवसाय
- सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े छोटे व्यवसाय

**4.** कम्युनिटी नेविगेटर कैसे चुने गए थे**?**

उनका चुनाव कठोर समीक्षा प्रक्रिया के आधार पर हुआ था। प्रारंभिक पात्रता समीक्षा के बाद, आवेदनों को 20 क्षेत्रीय तकनीकी मूल्यांकन पैनलों में से एक द्वारा स्कोर किया गया था, जिनमें से प्रत्येक का नेतृत्व फील्ड ऑपरेशंस के कार्यालय, भौगोलिक और सेवा खंड के एक प्रतिनिधि ने किया था।

यह समीक्षा चरण पूरा हो गया, तो समीक्षा के दूसरे दौर में वरिष्ठ स्तर के SBA कर्मियों को शामिल किया गया जिन्होंने पैकेजों का और मूल्यांकन किया। इस चयन मानदंड में न केवल तकनीकी मूल्यांकन पैनल के स्कोर शामिल थे बल्कि भौगोलिक विविधता और सेवा खंडों की विविधता भी शामिल थी।

**5. SBA** ने विजेताओं का निष्पक्ष चयन कैसे सुनिश्चित किया**?**

निष्पक्ष चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए एसबीए ने कई तरीकों को लागू किया। SBA अधिकारियों ("पुरस्कार पैनल") की एक टीम ने इस प्रक्रिया के हर चरण को बारीकी से और ईमानदारी से देखा। कम्युनिटी नेविगेटर पायलट प्रोग्राम की निष्पादन टीम ने एक विस्तृत कार्यप्रणाली और समीक्षा प्रक्रिया विकसित की जिसकी समीक्षा SBA के महाधिवक्ता कार्यालय द्वारा की गई और निष्पक्षता और समानता सुनिश्चित करने के लिए लागू की गई। पुरस्कार पैनल ने अपने मूल्यांकन और चयन प्रक्रिया से पहले एक अंतर्निहित पूर्वाग्रह प्रशिक्षण भी लिया। तकनीकी मूल्यांकन पैनल के दौरान, हमने सुनिश्चित किया कि प्रत्येक पैनल पर फील्ड ऑफिस के प्रतिनिधि अपने क्षेत्र के प्रस्तावों की समीक्षा नहीं करें।

**6.** पात्रता का मानदंड क्या था**?**

कम्युनिटी नेविगेटर प्रोग्राम अनुदान के लिए आवेदन करने के पात्र लोगों में निजी गैर-लाभकारी संगठन, संसाधन भागीदार, राज्य, जनजाति और स्थानीय सरकार की इकाइयाँ शामिल थीं। आवेदन करने की पात्रता और कैसे आवेदन करें, इसके लिए यहां देखें।

**7.** अनुदान के लिए कितने संगठनों से आवेदन किया**?**

हमें 656 संगठनों से 745 आवेदन प्राप्त हुए। दोहरे आवेदनों और अपात्र व्यवसाय प्रकारों को हटाने के बाद, 502 आवेदनों की समीक्षा और स्कोरिंग की गई। इन 502 आवेदनों में से, 51 को फंडिंग के लिए चुना गया।

**8.** कुल कितने अनुदान प्राप्तकर्ता हैं और वे कहां स्थित हैं**?**

51 अनुदार प्राप्तकर्ताओं को निम्नलिखित स्तरों में विभाजित किया गया है:

- स्तर 1: 8 अनुदान (अधिकतम $5M प्रति अनुदान)
- स्तर 2: 11 अनुदान (अधिकतम $2.5M प्रति अनुदान)
- स्तर 3: 32 अनुदान (अधिकतम $1M प्रति अनुदान)

कम्युनिटी नेविगेटर अनुदान पाने वालों की सूची देखने के लिए www.sba.gov/navigators पर जाएं।

**9.** अगर चुना ना गया हो तो क्या आवेदनकर्ता अपील कर सकता है**?**

नहीं। पायलट प्रोग्राम के लिए कोई अपील प्रक्रिया नहीं है।

**10.** क्या भविष्य में फंडिंग का दूसरा चक्र होगा**?**

कम्युनिटी नेविगेटर पायलट प्रोग्राम को कांग्रेस और अमेरिकी बचाव योजना अधिनियम द्वारा अधिकृत किया गया था। इस समय वित्त पोषण के किसी अतिरिक्त चक्र की स्वीकृति नहीं है।

**11.** कम्युनिटी नेविगेटर कब तक सक्रिय रहेंगे**?**

प्रदर्शन की अवधि 1 दिसंबर 2021 – 30 नवंबर 2023 तक रहेगी

**12.** क्या कम्युनिटी नेविगेटर को मौजूदा **SBA** संसाधनों के साथ दोहराया जा सकता है**?**

नहीं, इन्हें दोहराया नहीं जा सकता। कम्युनिटी नेविगेटर पायलट प्रोग्राम SBA को अपने प्रयासों को और अधिक बढ़ाने, सभी संभावित संसाधनों का लाभ उठाने और यू.एस.के छोटे व्यवसाय की पारिस्थितिकी तक अधिकतम पहुंच बनाने देता है। 7.9 मिलियन से अधिक छोटे संस्थान (<500 कर्मचारी) का 20.7% उन काउंटी में है जहां किसी प्रकार का SBA सेवा केंद्र नहीं है। कम्युनिटी नेविगेटर पायलट प्रोग्राम इस अंतर को पाटने में हमारी मदद करेगा।

हालांकि SBDCs, SCORE, WBC और/या VBOCs जैसे SBA रिसोर्स पार्टनर CNPP फंडिंग के लिए आवेदन करने की पात्र संस्थाएँ थीं, लेकिन CNPP अवार्ड प्राप्त करने वालों को अन्य अवाड्र्स के साथ किसी भी तरह से फंडिंग नहीं करनी चाहिए।

**13.** यह सुनिश्चित करने के लिए कि अनुदानों को ठीक से खर्च किया जा रहा है**,** जवाबदेही और निरीक्षण के उपाय क्या हैं**?**

हमारा प्रत्येक ऑफ़िस ऑफ़ फील्ड ऑपरेशंस स्टाफ एक सामुदायिक प्रभाव संपर्क प्रदान करेगा जो निगरानी प्रदान करने और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक कम्युनिटी नेविगेटर के साथ भागीदारी करेगा। अनुदान प्राप्तकर्ता प्रतिपूर्ति के लिए त्रैमासिक प्रदर्शन रिपोर्ट और संबंधित अनुरोध प्रस्तुत करते हैं।

**14.** सभी राज्यों में हब क्यों नहीं हैं**?**

सामुदायिक नेविगेटर हब के रूप में काम करने के लिए कौन पात्र होगा, यह निर्धारित करने के लिए आवेदनों की कठोर समीक्षा की गई। हब के रूप में अर्हता प्राप्त करने वाले और हमारे तकनीकी मूल्यांकन पैनल द्वारा स्कोर किए गए 502 आवेदकों में से, एजेंसी समीक्षा पैनल ने भौगोलिक और सेवा क्षेत्रों में विविधता सुनिश्चित करते हुए सबसे मजबूत आवेदनों का निर्धारण किया।

**15.** स्पोक कहाँ स्थित हैं और मैं उनसे कैसे संपर्क कर सकता हूँ**?**

टियर 2 और टियर 3 परियोजनाओं के लिए, स्पोक उसी राज्य या काउंटी के भीतर स्थित होंगे जहां हब होंगे, हालांकि सीमा पर पड़ोसी राज्यों के साथ कुछ संभावित ओवरलैप होंगे। टियर 1 परियोजनाओं के लिए, जिनका दायरा राष्ट्रीय है, कई राज्यों में स्पोक वितरित किए जाते हैं। हमारे हब परियोजना वेबसाइटें बनाएंगे जो प्रत्येक परियोजना के भौगोलिक कवरेज का विवरण देंगी। हब (अनुदान पाने वालों) की सूची के लिए, कृपया www.sba.gov/navigatorsपर जाएं।

**16.** स्पोक को कैसे फंड किया जाता है**?** निर्णय कौन लेता है**?** स्पोक के मामले में **SBA** की क्या भूमिका होती है**?**

SBA का अनुदान देने वाले-अनुदान पाने वाले का संबंध प्रोजेक्ट हब के साथ है। हब SBA और उनके स्पोक के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करते हैं। कम्युनिटी नेविगेटर आवेदन प्रक्रिया के हिस्से के रूप में, हब ने SBA को अपने और प्रत्येक स्पोक के बीच हस्ताक्षरित प्रतिबद्धता पत्र और फंडिंग वितरण समझौते प्रदान किए। कम्युनिटी नेविगेटर पायलट प्रोग्राम नोटिस ऑफ फंडिंग ऑपर्च्युनिटी ने स्पोक के लिए न्यूनतम और अधिकतम फंडिंग राशि का उल्लेख किया।

**17.** यदि कोई स्पोक एक कांग्रेस के जिले में है**,** तो क्या इसका मतलब सेवाएं**,** आउटरीच उस कांग्रेस जिले के लिए अनन्य है या किसी अन्य कांग्रेस जिले के किसी व्यक्ति को उस स्पोक के संसाधन उपलब्ध हो सकते हैं**?**

स्पोक रणनीतिक रूप से आसपास के क्षेत्रों में जाएंगे जहां वे जरूरतमंद व्यवसाय मालिकों तक पहुंच सकते हैं। उनका संपर्क करना किसी एक कांग्रेस जिले तक सीमित नहीं है।